सफलता का खतरा

बाइबल पाठ #15

V. दूसरे से तीसरे फसह तक (क्रमशः)।
   फ. गलील का यीशु का तीसरा दौरा (और बारह को निर्देश) (मत्ती 9:35–38; 10:1–42; 11:1; मरकुस 6:6–13; लूका 9:1–6)।
   ब. यीशु में हेरोदेस की दिलचस्पी (और यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले की मृत्यु का विवरण) (मत्ती 14:1–12क; मरकुस 6:14–29; लूका 9:7–9)।
   भ. यीशु का हेरोदेस के इलाके से निकना (और वापस आना)।
      1. बारह का लौटना और गलील सागर के पूर्वी तट की ओर जाना (मत्ती 14:12ख, 13; मरकुस 6:30–32; लूका 9:10; यूहन्ना 6:1)।

परिचय

हम यीशु की महान गलीली सेवकाई के अन्त की ओर आ रहे हैं। इस पाठ में हम यीशु और उसके चेलों को गलील का अन्तिम दौरा करते देखेंगे।[1] दौरा सफल रहा था, परन्तु इस सफलता से खतरा पैदा हो गया, क्योंकि इससे अत्याचारी हेरोदेस का, जो उस इलाके का हाकिम था, ध्यान मसीह पर पड़ गया था।[2] राजा हेरोदेस ने कुछ देर पहले ही यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले का सिर कटवाया था, जिससे हालात तनावपूर्ण हो गए थे। यीशु के चेले इलाके में घूमने के बाद वापस आते ही राजा के इलाके, गलील की झील के दक्षिणी तट पर चले गए। वहां यीशु ने पांच हज़ार लोगों को खिलाया।[3] यह उसकी प्रसिद्धि का चरम था।

पांच हज़ार को खिलाने और उसके बाद की घटनाओं का अध्ययन हम अगले पाठ में करेंगे। इस पाठ में, हम तीसरे गलीली दौरे की सफलता और इससे मसीह और उसके चेलों पर आने वाले खतरे पर ध्यान लगाएंगे।

एक सफल दौरा (मत्ती 9:35-38; 10:1-42; 11:1; मरकुस 6:6-13; लूका 9:1-6)

काम का आकार (मत्ती 9:35–38; मरकुस 6:6)

यह जानते हुए कि उसका समय कम होता जा रहा है, यीशु गलील का एक दौरा और करना चाहता था, ताकि वहां हर व्यक्ति को उसके पीछे चलने का अवसर मिल सके। मरकुस 6:6ख में यही कहता है, "और चारों ओर के गांवों में उपदेश करता फिरा।" मत्ती

का वृज़ांत हमें और व्यापक समीक्षा देता है: ''यीशु सब नगरों और गांवों में फिरता रहा और उनकी सभाओं में उपदेश करता, और राज्य का सुसमाचार प्रचार करता, और हर प्रकार की बीमारी और दुर्बलता को दूर करता रहा'' (मज़ी 9:35)।

उन लोगों को देखकर जो उसे सुनने आए थे, मसीह को ''तरस आया, ज्योंकि वे उन भेड़ों की नाईं, जिनका कोई रखवाला न हो, व्याकुल और भटके हुए से थे'' (मज़ी 9:36)।[4] पुराने नियम में आत्मिक अगुआई की कमी के कारण परमेश्वर के लोगों के कष्ट सहने के समय ऐसी ही भाषा का इस्तेमाल हुआ था (गिनती 27:17; 1 राजा 22:17; यहेजकेल 34:5)।

इससे पहले, यीशु ने सामरियों के सज़्बन्ध में अपने चेलों से कहा था, ''... अपनी आंखें उठाकर खेतों पर दृष्टि डालो, कि वह कटनी के लिए पक चुके हैं'' (यूहन्ना 4:35ख)। यहां उसने गलीलियों के सज़्बन्ध में ''पके खेत तो बहुत हैं'' के साथ यह खेदजनक टिप्पणी जोड़ते हुए कि ''पर मजदूर थोड़े हैं'' (मज़ी 9:37), एक मिलते-जुलते रूपक का इस्तेमाल किया। उसने कहा, ''इसलिए खेत के स्वामी[5] से विनती करो कि वह अपने खेत काटने के लिए मजदूर भेज दे'' (मज़ी 9:38)। मसीह को अपने साथी देशवासियों तक पहुंचने के लिए सहायता की आवश्यकता थी।

दुविधा का हल (मज़ी 10:1-42; मरकुस 6:7-11; लूका 9:1-5)

कटाई करने वालों की कमी का यीशु का हल क्षेत्र के नगरों में अपने बारह प्रेरितों को भेजना था। इससे दो उद्देश्य पूरे हुए। पहला यह कि इससे क्षेत्र के सभी लोगों को ''राज्य का सुसमाचार'' (मज़ी 9:35) सुनने का अवसर मिला। दूसरा इससे उन बारह को मूल्यवान प्रशिक्षण मिल गया, जो ऐसा अनुभव था, जिसकी उन्हें मसीह के साथ न होने पर आवश्यकता होनी थी। गलील के यीशु के पहले दौरे के समय, उसके साथ मुट्ठी भर चेले थे।[6] दूसरे दौरे पर बारह प्रेरित उसके सिखाने और सेवा का ढंग देखने के लिए उसके साथ थे।[7] अब उन्हें अपने लोगों के पास भेजने का समय आ चुका था।[8]

सफलता के लिए तैयारी आवश्यक है। महत्वपूर्ण काम के लिए मसीह ने अपने कर्मियों को तैयार करने में ढील नहीं की:

(1) प्रेरितों को तैयार करने के लिए, उसने उन्हें संगठित किया। उसने उन्हें दो-दो की टीमों में बांट दिया (मरकुस 6:7)। मज़ी 10:2-4 में प्रेरितों की सूची देखें, तो आप पाएंगे कि उन्हें जोड़ा-जोड़ा बनाया गया। इससे यह पता चल सकता है कि यीशु ने उन्हें बाहर कैसे भेजा। दो-दो करके बाहर भेजने से उनके संदेश को महत्व मिला (व्यवस्थाविवरण 17:6; 19:15; मज़ी 18:16; यूहन्ना 8:17; 2 कुरिन्थियों 13:1; 1 तीमुथियुस 5:19)। इससे एक दूसरे की सामर्थ भी मिली (देखें सभोपदेशक 4:12)। दो जन एक-दूसरे के काम में सहायता कर सकते थे और एक-दूसरे को प्रोत्साहित कर सकते थे।

मसीह ने उन्हें यह भी बता दिया होगा कि हर टीम को कहां जाना है। मज़ी 11:1 कहता है कि यीशु स्वयं ''उनके नगरों में'' प्रचार करने के लिए गया, जो कि उन नगरों की

बात हो सकती है, जो उन्हें दिए गए थे[9] (लूका 10:1 से तुलना करें)। दौरे की अवधि और यह कि इसकी समाप्ति के बाद प्रेरितों को कहां जाना है, सब तय हो गया होगा (देखें मरकुस 6:30; लूका 9:10)।

(2) प्रेरितों को तैयार करने के लिए, उसने उन्हें निर्देश दिए।[10] यीशु का व्यापक निर्देश तैयारी का सबसे महत्वपूर्ण भाग था।

उसने उन्हें बताया कि क़्या करना है। वे केवल यहूदियों के पास ही गए (मत्ती 10:5, 6)। बाद में उन्हें "और भेड़ों" (अर्थात अन्यजातियों; देखें यूहन्ना 10:16) का भी ध्यान करना था। परन्तु अभी उन्होंने "उन भेड़ों का जिनका कोई रखवाला न हो" (मत्ती 9:36) अर्थात "इस्राएल के घराने की खोई हुई भेड़ों के पास" (मत्ती 10:6) जाने पर ध्यान लगाना था।[11]

इन बारह ने यहूदियों के पास जाकर उन्हें सिखाना था। सुसमाचार का प्रचार करना था कि राज्य "निकट आया" है (मत्ती 10:7)। लोगों को "मन फिराने" की आज्ञा देनी थी (मरकुस 6:12; देखें मत्ती 4:17)। लोगों को यीशु के बारे में बताना था।[12]

इसके अलावा आगे बढ़ते और सिखाते हुए, उन्होंने आश्चर्यकर्म करने थे (देखें लूका 9:6)। यीशु ने उनसे कहा था, "बीमारों को चंगा करो, मरे हुओं को जिलाओ,[13] कोढ़ियों को शुद्ध करो; दुष्टात्माओं को निकालो" (मत्ती 10:8क)। मैं इस पर थोड़ी देर बाद बात करूंगा।

उसने उन्हें बताया कि साथ क़्या लेना है। उन्हें केवल आवश्यक वस्तुएं ही साथ ले जाने के लिए और जहां कहीं जाएं, वहां के लोगों के अतिरिथ्य पर निर्भर रहने के लिए कहा गया।[14] उसने कहा कि "मजदूर को उसका भोजन मिलना चाहिए" (मत्ती 10:10ख)। इस प्रकार, मसीह उनके काम के महत्व पर ज़ोर दे रहा था। वह उन्हें जीवन की आवश्यकताओं के लिए प्रभु में भरोसा रखना भी सिखा रहा था (देखें लूका 22:35; मत्ती 6:33)।

उसने उन्हें बताया कि क़्या अपेक्षा करनी है। कुछ लोगों ने उनका वचन ग्रहण करना था (मत्ती 10:11, 13क), परन्तु बहुतों ने इसे ठुकरा देना था (मत्ती 10:13ख, 14, 16, 17, 21, 22, 24, 25)।

उसने उन्हें बताया कि क़्या प्रतिक्रिया करनी है। कुछ बातें थीं, जो उन्हें नहीं करनी थीं। उन्हें उन लोगों पर समय बर्बाद नहीं करना था, जिन्होंने उन्हें और उनके संदेश को ठुकराना था। यीशु ने कहा, "जो कोई तुम्हें ग्रहण न करे, और तुम्हारी बातें न सुने, उस घर या उस नगर से निकलते हुए अपने पांवों की धूल झाड़ डालो" (मत्ती 10:14)। उस ज़माने में, पांवों की धूल झाड़ना ठुकराए जाने का सांकेतिक कार्य होता था।[15] यह इस बात का संकेत होना था कि जब लोगों ने परमेश्वर के वचन को ठुकरा दिया, तो परमेश्वर ने भी उन्हें ठुकरा दिया।

उन्हें ठुकराए जाने के द्वारा सूचित *नहीं* किया जाना था (मत्ती 10:26, 28)। मसीह ने उन्हें अपने विश्वास की बात दृढ़तापूर्वक कहने की चुनौती दी (मत्ती 10:27) और प्रतिज्ञा की कि "जो कोई मनुष्यों के सामने मुझे मान लेगा, उसे मैं भी अपने स्वर्गीय पिता

के सामने मान लूंगा। पर जो कोई मनुष्यों के सामने मेरा इनकार करेगा उसका मैं ज़ी अपने स्वर्गीय पिता के सामने इनकार करूंगा'' (मज़ी 10:32, 33)। ये प्रतिज्ञाएं प्रभु के किसी भी अंगीकार (या इनकार) पर लागू होती हैं[16]; इस संदर्भ में मनुष्यों के सामने प्रतिदिन उसे स्वीकार करने (या ठुकराए जाने) की विशेष प्रासंगिकता है।

उन बारह ने ठुकराए जाने की प्रतिक्रिया में भी कुछ काम करने *थे*। उन्हें यह सीखना आवश्यक था कि मनुष्यों द्वारा ठुकराए जाने के बावजूद, वे परमेश्वर द्वारा ठुकराए हुए नहीं थे। उसे अभी भी उनका ध्यान होना था (मज़ी 10:29-31)। उनके लिए यह समझना आवश्यक था कि उन्हें ठुकराने का अर्थ उनके भेजने वाले को ठुकराना था (देखें मज़ी 10:40)। उन्हें ग्रहण करने वालों ने आशीषित होना था, जबकि उन्हें ठुकराने वालों ने श्रापित (मज़ी 10:13-15)।

(3) प्रेरितों को तैयार करने के लिए, यीशु ने उन्हें संगठित करके केवल निर्देश ही नहीं दिया, बल्कि सामर्थ भी दी। उसने उन्हें वह दिया, जो उनके काम को पूरा करने के लिए आवश्यक था। सीमित आज्ञा या लिमिटेड कमीशन तक केवल यीशु ही आश्चर्यकर्म करता था, परन्तु अब उसने वैसे ही काम करने के लिए बारह को सक्षम बना दिया: उसने ''उन्हें अशुद्ध आत्माओं पर अधिकार दिया,[17] कि उन्हें निकालें, और सब प्रकार की बीमारियों और सब प्रकार की दुर्बलताओं को दूर करें'' (मज़ी 10:1; देखें मरकुस 6:7; लूका 9:1)। इसके अलावा उसने उन्हें आवश्यकता के अनुसार प्रेरणा देने की प्रतिज्ञा की:

> जब वे तुज़्हें पकड़वाएं तो यह चिन्ता न करना कि हम किस रीति से या ज़्या कहेंगे: ज़्योंकि जो कुछ तुम को कहना होगा, वह उसी घड़ी तुज़्हें बता दिया जाएगा। ज़्योंकि बोलने वाले तुम नहीं हो परन्तु तुज़्हारे पिता का आत्मा तुम में बोलता है (मज़ी 10:19, 20)।

यह ध्यान देने पर कि यीशु ने प्रेरितों को कैसे तैयार किया, यह स्पष्ट हो जाता है कि उसके दिमाग में गलील के इलाके के दो या तीन सप्ताह के दौरे के बाद की बातें थीं। ''हाकिमों और राजाओं'' और ''अन्यजातियों'' (मज़ी 10:18) के साथ-साथ सताव की भविष्यवाणियां (मज़ी 10:17, 18, 21-23, 34-39), कलीसिया की स्थापना के बाद प्रेरितों के काम तथा व्यवहार की ओर संकेत करती हैं।[18]

मज़ी 10 अध्याय में लिमिटेड कमीशन[19] देते हुए, मसीह ने विस्तृत निर्देश दिए; परन्तु मज़ी 28:18-20 में ग्रेट कमीशन देते हुए,[20] वास्तव में, उसने कहा, ''इतना ही करो!''[21] शायद यह इसलिए था, ज़्योंकि उसने मज़ी 10 जैसे पदों में पहले ही अपने चेलों को बता दिया था कि प्रचार करते समय उन्हें ज़्या करना है और ज़्या उज़्मीद करनी है।

मज़ी 10 अध्याय की कुछ विशेष बातें आज हम पर लागू नहीं होतीं। हमें केवल यहूदियों के पास ही नहीं जाना है (मज़ी 28:19; मरकुस 16:15)। हमें प्रेरितों की तरह आश्चर्यकर्म के द्वारा सामर्थ नहीं मिली है और बोलने के लिए आश्चर्यकर्म के द्वारा सामर्थ नहीं मिली है। प्रचार के लिए कहीं जाने पर अपने साथ थोड़ा या कुछ नहीं ले जाने की शर्त

नहीं है।[22] फिर भी इक्कीसवीं शताब्दी में भी मत्ती 10 अध्याय के बहुत से सिद्धांत मान्य हैं।

हमें भी संसार में सुसमाचार ले जाने से पहले योजना और संगठन बनाने की आवश्यकता है। यीशु का संगठन विस्तृत नहीं था। इसी प्रकार हमारा संगठन भी हर तरह से सरल होना चाहिए। काम की आवश्यकता के अनुसार संगठन हमेशा छोटा ही रखना चाहिए। हो सकता है कि हम ''संगठन बनाने'' में इतना समय लगा दें कि आवश्यक काम ही न कर पाएं। सहजबुद्धि समय की आवश्यकता है। मत्ती 10:16 में बुद्धि की बातों पर विचार करें।

मसीह के संगठनात्मक निर्देश की एक बात, जिस पर गम्भीरतापूर्वक विचार होना चाहिए, दो-दो करके प्रेरितों को भेजना है। आम तौर पर प्रचारकों को टीमें बनाकर भेजना लाभदायक होता है।

दूसरों तक सुसमाचार ले जाने से पहले आज भी हमें तैयारी की आवश्यकता है। यीशु ने बारह चेलों को ''आज्ञा देकर भेजा'' (आयत 5; 11:1 भी देखें)। मन में यह न सोचें कि सबको मालूम है कि क्या करना है और कैसे करना है। आज्ञा को कभी तुच्छ न जानें।[23] इसके अलावा हमें यह अहसास होना आवश्यक है कि परमेश्वर देख रहा है कि हम सुसमाचार को दूसरों तक पहुंचाते हैं (मत्ती 10:28-31) और हमें अन्त तक सहने के लिए प्रोत्साहित होना भी आवश्यक है (आयत 22)।

प्रयास की सफलता (मत्ती 11:1; मरकुस 6:12, 13; लूका 9:6)

यीशु की आज्ञाएं पूरी होने के बाद, प्रेरित दो-दो की छह टीमें बनाकर चले गए। ''और उन्होंने जाकर प्रचार किया, कि मन फिराओ। और बहुतेरे दुष्टात्माओं को निकाला, और बहुत बीमारों पर तेल मलकर उन्हें चंगा किया'' (मरकुस 6:12, 13)। पहली बार, वे बहुत से अद्भुत काम कर रहे थे, जो पहले उनके प्रभु ने किए थे। आप जानते नहीं वे कितना रोमांचित थे![24]

उनके जाने के बाद, मसीह फिर से उस क्षेत्र में चला गया (मत्ती 11:1)। अब गलील के इलाके में प्रचार करते और चंगाई देते, एक टीम के रूप में घूमने के बजाय वहां सात टीमें थीं!

एक गम्भीर धमकी (मत्ती 14:1-12क; मरकुस 6:14-29; लूका 9:7-9)

हेरोदेस को अचानक पता चला

जैसे पहले ध्यान दिलाया गया है, गलील पर राजा हेरोदेस का शासन था। यह बदनाम हेरोदेस महान का एक पुत्र, हेरोदेस अन्तिपास था।[25] मसीह द्वारा बारह चेलों को भेजने से पहले, राजा ने स्पष्ट तौर पर यीशु के काम पर इतना ध्यान नहीं दिया था। आम तौर पर, जब तक ''क्रांतिकारी सुधारक'' विद्रोह की लहर पैदा नहीं कर देते थे, तब तक सरकार का ध्यान उनकी ओर नहीं जाता था। अब जबकि सुसमाचार प्रचारकों की सात टीमें हेरोदेस के

इलाके में फैल गई थीं, तो वह इस नई लहर की उपेक्षा नहीं कर पाया।

मज़ी के वृज़ांत में कहा गया है, ''उस समय चौथाई देश के राजा हेरोदेस ने यीशु की चर्चा सुनी'' (मज़ी 14:1)। मरकुस के वृज़ांत में, बारह के काम के सार के बाद (6:13), उसने लिखा, ''और हेरोदेस राजा ने उसकी चर्चा सुनी, ज़्योंकि उस [अर्थात यीशु] का नाम फैल गया था'' (मरकुस 6:14क)। लूका ने प्रेरितों की सफलता के बारे में लिखा (9:6) और फिर कहा, ''और देश की चौथाई का राजा हेरोदेस यह सुनकर घबरा गया ...'' (लूका 9:7क)।

हेरोदेस बहुत परेशान हुआ

हेरोदेस के कानों में यह बात पहुंची कि लोग यीशु के सज़्बन्ध में ज़्या कहते हैं: कुछ कहते थे कि वह एलिय्याह है; जबकि दूसरों का मानना था कि वह मुर्दों में से जी उठा कोई और भविष्यवज़्ता है (लूका 9:8; मरकुस 6:15)।[26] परन्तु जिस बात ने राजा को परेशान किया, वह यह थी कि कुछ लोग कह रहे थे कि ''यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला मरे हुओं में से जी उठा है,[27] इसीलिए उस से ये सामर्थ के काम प्रकट हैं''[28] (मरकुस 6:14ख; देखें लूका 9:7ख)। इससे चौथाई का यह हाकिम परेशान था, ज़्योंकि उसने कुछ समय पहले ही यूहन्ना का सिर कटवाया था।[29]

हेरोदेस ने अपनी पत्नी को प्रसन्न करने के लिए एक वर्ष या इससे पहले[30] यूहन्ना नबी को कैद किया था। राजा का दिल अपने सौतेले भाई फिलिप्पुस की पत्नी हेरोदियास पर आ गया, जिस कारण उसने उससे विवाह कर लिया था (मज़ी 14:3)। हेरोदियास स्वयं हेरोदेस महान की वंशज थी; वह हेरोदेस की सौतेली भतीजी थी।[31] हेरोदेस अन्तिपास से उसके विवाह से लैव्यव्यवस्था के कई नियम भंग हुए थे।[32] यूहन्ना ने हेरोदेस से यह कहने का साहस किया था कि ''इसको रखना तेरे लिए उचित नहीं है'' (आयत 4)-जिस कारण हेरोदियास उससे वैर रखती थी (मरकुस 6:19)।[33]

यूहन्ना को मरवा डालने की हेरोदियास की इच्छा के बावजूद (मरकुस 6:19) इस भय से कि नबी की मृत्यु से विद्रोह भड़क उठेगा, हेरोदेस इस सीमा तक जाने से डरता था (देखें मज़ी 14:5)। इसके अलावा न चाहते हुए भी वह यूहन्ना का आदर करता था। मरकुस ने लिखा है कि ''हेरोदेस यूहन्ना को धर्मी और पवित्र पुरुष जानकर उस से डरता था, और उसे बचाए रखता था'' (मरकुस 6:20क)। फिर मरकुस ने यह अजीब टिप्पणी जोड़ी: ''और उसकी सुनकर बहुत घबराता था, पर आनन्द से सुनता था'' (आयत 20ख)।[34] यूहन्ना को शाही वेशभूषा पहने हेरोदेस के सामने फटे-पुराने कपड़े पहने खड़े होते देखने की कल्पना करना कठिन नहीं है। मैं इस भविष्यवज़्ता द्वारा राजा की ओर उंगली करने पर उसके चेहरे पर आए पसीने की तस्वीर बनाता हूं। द लिविंग बाइबल के अनुवाद में ''यूहन्ना से बात करते समय हेरोदेस परेशान होता था, परन्तु फिर भी उसे सुनना अच्छा लगता था।''

हेरोदेस ने उस भयानक दिन तक जब राजा ने अपने जन्मदिन की पार्टी देने का निर्णय

लिया, यूहन्ना को बचाए रखा (मत्ती 14:6; मरकुस 6:21)। कार्यक्रम के चरम पर,[35] हेरोदियास की लड़की नाचने के लिए दावत वाले कमरे में आई (मत्ती 14:6; मरकुस 6:22)। जोसेफस ने कहा है कि लड़की का नाम सलोमी था। मर्यादा में रहते हुए मैं यह नहीं बता सकता कि उसने वहां क्या किया होगा।[36] यह तथ्य कि हेरोदियास अपनी कुटिल योजनाओं को सिरे चढ़ाने के लिए अपनी लड़की का इस्तेमाल इस ढंग से कर सकती थी,[37] के साथ यह तथ्य कि राजा ने अपनी सौतेली बेटी को अपने शराबी साथियों के सामने इस प्रकार प्रदर्शन करने की अनुमति दी होगी, से पता चलता है कि हेरोदेस के परिवार का चरित्र कैसा होगा।

बाइबल कहती है कि सलोमी ने "नाचकर हेरोदेस को और उसके साथ बैठने वालों को प्रसन्न किया" (मरकुस 6:22क)। अनुमान लगाने की आवश्यकता नहीं है कि नाच से वे "प्रसन्न" कैसे हुए होंगे। राजा ने लड़की से कहा (मैं उसके स्वर में मतवाला होने की बात सुन सकता हूं), "तू जो चाहे मुझ से मांग मैं तुझे दूंगा" (मरकुस 6:22ख)। शपथ खाते हुए उसने कहा, "मैं अपने आधे राज्य तक जो कुछ तू मुझ से मांगेगी मैं तुझे दूंगा"[38] (मरकुस 6:23; देखें मत्ती 14:7)।

कितनी बड़ी पेशकश है! शाही राज्य का "आधे राज्य तक" देने की प्रतिज्ञा मिलने पर आप क्या मांगना चाहेंगे?[39] सलोमी हिचकिचाई नहीं। "वह अपनी मां के उकसाने से बोली, 'यूहन्ना बपतिस्मा देने वाले का सिर थाल में यहीं मुझे मंगवा दे' " (मत्ती 14:8)।[40] हेरोदियास उसके मरने का समाचार सुनना नहीं चाहती थी, क्योंकि वह झूठा भी हो सकता था।[41] वह उसकी लाश नहीं देखना चाहती थी, क्योंकि मरने का नाटक किया जा सकता था। उसे तो तभी चैन आ सकता था, जब वह उसका कटा हुआ सिर देख लेती, जिसमें से उसकी उग्र नाड़ियों से उसका लहू बह रहा होता। इसके अलावा वह तो नबी का सिर "उसी समय" चाहती थी (मरकुस 6:25) ताकि कहीं बाद में हेरोदेस को मुकर जाने का मौका न मिल जाए।

राजा एकदम दुखी हुआ; परन्तु जिन लोगों के सामने उसने शपथ खाई थी, उनके सामने "नीचा दिखने" के बजाय, उसने यूहन्ना का सिर काटने का आदेश दे दिया। आदेश का तुरन्त पालन किया गया:

> राजा ने तुरन्त एक सिपाही को आज्ञा देकर भेजा, कि उसका सिर काट लाए। उस ने जेलखाने में जाकर उसका सिर काटा, और एक थाल में रखकर लाया और लड़की को दिया, और लड़की ने अपनी मां को दिया (मरकुस 6:27, 28)।

इस काम से हेरोदियास प्रसन्न हुई हो सकती है, परन्तु हेरोदेस को इससे कोई चैन नहीं मिला। वह अपने किए पर "दुखी हुआ" (मत्ती 14:9)। राजा के विवेकी होने की बात की कल्पना करना कठिन है, परन्तु कम से कम इतना तो अवश्य है कि वह बहुत बेचैन हो गया। इस कारण लोगों का अन्धविश्वासी अनुमान सुनकर वह, तो वह अपने मन के भय के कारण डर गया। मरकुस ने लिखा है कि "हेरोदेस ने यह सुन कर कहा, जिस यूहन्ना का

सिर मैं ने कटवाया था, वही जी उठा है'' (मरकुस 6:16; देखें मत्ती 14:2)।

खतरनाक ढंग से जिज्ञासु हेरोदेस

अपने मन की सन्तुष्टि के लिए कि यीशु यूहन्ना ही है या नहीं, हेरोदेस ने उसे देखना चाहा (लूका 9:9क)। लूका ने लिखा है कि ''उसने उसे देखने की इच्छा की'' (लूका 9:9ख)। इन शब्दों को पढ़ते हुए, गलील में हेरोदेस के निपटारे के स्रोतों को ध्यान में रखें। मसीह जैसी सार्वजनिक सेवकाई वाले व्यक्ति को ढूंढ़ना राजा के लिए कठिन नहीं था।

यह बिना दाव लगाए और अनिच्छा से ध्यान देना यीशु के लिए खतरनाक था। गाय की चरागाह में जाते हुए आप नहीं चाहेंगे कि किसी बैल का ध्यान आप पर पड़े। ततैया के घोंसले के निकट होने पर उन काटने वाले कीड़ों के पास जाना समझदारी नहीं है। यदि मेरे घर के पास कोई गुंडा रहता हो, तो मेरी कोशिश यही होगी कि उसका ध्यान मेरी ओर न ही जाए।

बाद में हमें पता चलता है कि यीशु को देखने की हेरोदेस की इच्छा कम नहीं हुई। पृथ्वी पर मसीह की सेवकाई के अन्तिम सप्ताह के दौरान हम पढ़ते हैं कि राजा ''यीशु को देखकर बहुत ही प्रसन्न हुआ, क्योंकि वह बहुत दिनों से उस को देखना चाहता था: इसलिए कि उसके विषय में सुना था और उसका कुछ चिह्न देखने की आशा रखता था'' (लूका 23:8)। यीशु से पूछताछ करने के बाद, यदि हेरोदेस ने यह निष्कर्ष निकाला होता कि मसीह एक खतरा है, तो निश्चय ही वह उसे मृत्यु दण्ड दे देता (देखें लूका 13:31–33)।[42] हां मसीह के काम में राजा की रुचि वास्तविक और सन्निकट खतरा अवश्य था।

योजना बनाकर जाना (मत्ती 14:12ख, 13; मरकुस 6:30-32; लूका 9:10; यूहन्ना 6:1)

एक आवश्यक रिपोर्ट

इसी दौरान, यीशु ने अपना दौरा पूरा किया और वह और उसके चेले फिर से इकट्ठे हो गए।[43] ''फिर प्रेरितों ने लौटकर जो कुछ उन्होंने किया था, उस को बता दिया'' (लूका 9:10क; मरकुस 6:30; देखें मत्ती 14:12ख)। यह ''जानकारी देना'' उनके प्रशिक्षण का एक आवश्यक पहलू था। उन्हें अपने किए गए काम के बारे में बात करना आवश्यक था, कि क्या ''किया'' था और क्या नहीं किया था। उन्हें अपनी गलतियां मानकर यह पूछना आवश्यक था कि ''हमें क्या करना चाहिए था?'' उनके पास पूछने के लिए ढेरों प्रश्न होंगे।

अपने चेलों की सहायता करने के मसीह के प्रयास के बाद, उनके आस-पास फिर से बहुत सी भीड़ इकट्ठी हो गई। उनके पास ''बहुत लोग आते-जाते थे, और उन्हें खाने को अवसर भी नहीं मिलता था'' (मरकुस 6:31ख)[44] उनके प्रचार का पहला दौरा सिमटने को है।

एक बुरी रिपोर्ट

यूहन्ना की मृत्यु के बाद, उसके शोकित चेलों को उसकी देह ले जाकर कब्र में रखने की अनुमति मिल गई थी (मरकुस 6:29; देखें मत्ती 14:12क)। फिर वे यीशु को बताने के लिए गए, और लगभग उसी समय पहुंचे जब उसके प्रेरित वहां आए[45] (मत्ती 14:12ख)।

एक समयोचित संकेत

''जब यीशु ने यह सुना'' (मत्ती 14:13क), तो उसने अपने चेलों को सुझाव दिया[46] कि एकांत स्थान में चले जाएं (मरकुस 6:31)। इस जाने से कम से कम दो उद्देश्य पूरे हुए। पहला, इससे मसीह और उसके अनुयायी हेरोदेस के इलाके से निकल जाने थे। इसके बाद यीशु ने गलील में थोड़ा समय बिताना था। उसने कुछ देर के लिए बीच-बीच में आना था, परन्तु उस क्षेत्र में उसका अधिकतर कार्य पूरा हो गया था।

दूसरा, वहां से जाने पर मसीह को अपने चेलों के साथ अकेले रहने का समय मिल जाना था।[47] वे सभी अभी-अभी एक कठिन दौरे से आए थे और उन्हें आराम की आवश्यकता थी (मरकुस 6:31क)। इसके अलावा, प्रभु के साथ समय बिताने से उन्हें अपने पहले प्रचार दौरे पर होने वाली बातों से निपटने में सहायता मिलनी थी।

एक बार फिर, वे गलील की झील के पार पूर्व की ओर चले गए।[48] मत्ती और मरकुस ने कहा है कि वे ''एकांत स्थान में'' चले गए (मत्ती 14:13क; मरकुस 6:31क), जबकि लूका ने संकेत दिया है कि वे ''बैतनिय्याह नामक नगर को'' चले गए (लूका 9:10ख)। झील के निकट बैतसैदा नाम के कम से कम दो नगर थे।[49] कफ़रनहूम के निकट वाले नगर के बारे में हम पहले से जानते हैं (मरकुस 6:45)।[50] दूसरा नगर, जिसमें यीशु और बारह चेले अब गए थे, गलील की झील के उत्तर पूर्व में एक गांव था। इसका पूरा नाम बैतसैदा-जूलियास था।[51] स्पष्टतया उनका गन्तव्य समुद्र के किनारे का निर्जन क्षेत्र था, जो नगर से अधिक दूर नहीं था।

सारांश

हम इस पद पर अगली बार, उस भीड़ की कहानी से फिर से आरम्भ करेंगे, जो मसीह और प्रेरितों की प्रतीक्षा कर रही थी और उसने किसी विश्राम की आशा नहीं रहने दी। अपने अध्ययन के इस भाग के अन्त में, मैं अपने पाठ से पांच विचार निकालता हूं:

(1) आज भी यह सच है कि ''पके खेत तो बहुत हैं पर मज़दूर थोड़े हैं'' (मत्ती 9:37)। आइए हम उत्तर दें, क्योंकि हमारा परमेश्वर निमन्त्रण देता है।

(2) आज भी यह सच है कि परमेश्वर ''खेत का स्वामी'' है (मत्ती 9:38) और उपज को बढ़ाता है (1 कुरिन्थियों 3:6)। आइए हम उत्साही हों, क्योंकि हमारा परमेश्वर आशीष देता है।

(3) आज भी यह सच है कि, हमने ''सेंत मेंत पाया है,'' और हमें चाहिए कि ''सेंत मेंत'' ही दें (मत्ती 10:8)। आइए हम उदारता की सीख लें, क्योंकि हमारे परमेश्वर

को ध्यान है।

(4) आज भी यह सच है कि आत्मिक सफलता से "दुष्टता की आत्मिक सेनाओं" (इफिसियों 6:12) का खतरा बढ़ता है। आइए हम दृढ़ रहें, ज़्योंकि हमारा परमेश्वर रखवाली करता है।

(5) आज भी यह सच है कि परीक्षाएं आने पर परमेश्वर बचाव का मार्ग बताता है (1 कुरिन्थियों 10:13), चाहे यह गलील की झील के दूसरी ओर ही हो। आइए हम विश्वासी बने रहें, ज़्योंकि हमारा परमेश्वर हमारी आवश्यकताएं पूरी करता है।

मेरी प्रार्थना है कि हमारा इकट्ठे अध्ययन करना हमें यीशु के निकट लाए और परमेश्वर में हमारा विश्वास बढ़ाए।

ह्यनोट्स

इस पाठ के सज़्बन्ध में, मैं अपना ढंग बदलने जा रहा हूं। वचन से सज़्बद्ध एक प्रवचन के बजाय मैं दो शामिल कर रहा हूं। पहला मज़्ी 10 अध्याय में यीशु के अपने चेलों की आज्ञाओं पर है और यह इस पुस्तक में अगले पाठ में मिलेगा। दूसरा यूहन्ना की मृत्यु से सज़्बन्धित है, जो मज़्ी 14 और उससे सज़्बन्धित अध्यायों में लिखा गया है। यह यूहन्ना के जीवन का सार है और इस पुस्तक में आगे एक प्रवचन में मिलेगा।

मज़्ी 10 को समझने का एक और ढंग "खोई हुई भेड़ों" (यहूदियों) के साथ उन लोगों के मिलने की चुनौती से तुलना करना होगा, जो "सच्चाई से फिर गए" हैं (अविश्वासी मसीही; देखें याकूब 5:19, 20; गलातियों 6:1)। यह सुझाव दिया गया है कि हमें ग्रेट कमीशन (सुसमाचार को बाहरी पापियों तक ले जाने की आज्ञा) को पूरा करने की कोशिश करने से पहले "लिमिटेड कमीशन" अर्थात सीमित आज्ञा (खोए हुए मसीहियों को वापस लाना) को पूरा करना चाहिए।

यूहन्ना की मृत्यु के आस-पास की घटनाओं पर ही एक प्रवचन दिया जा सकता है।

टिप्पणियां

[1]जहां आप रहते हैं, वहां यदि यह उपयुज़्त हो तो आप संगीत मण्डलियों का हवाला दे सकते हैं, जो "अन्तिम टूर" करती हैं। कई बार वास्तव में यह उनका अन्तिम टूर होता है, कई बार यह उनके कार्यक्रमों की ओर लोगों का ध्यान खींचने के लिए केवल पज़्लिसिटी स्टंट होता है। निश्चय ही क्षेत्र में यीशु का यह अन्तिम टूर था। [2]"मसीह का जीवन, भाग 1" में पृष्ठ 69 और 70 पर हेरोदेस पर जानकारी देखें। [3]"खाने वाले स्त्रियों और बालकों को छोड़कर, पांच हज़ार पुरुषों के लगभग थे" (मज़्ी 14:21)। [4]"भेड़ें जिनका कोई रखवाला न हो" वाज़्यांश एक तस्वीकर है, जो उनकी बड़ी आत्मिक आवश्यकता की ओर संकेत करती है। बिना अगुआई, खुराक और सुरक्षा के भेड़ें। [5]परमेश्वर "खेत का स्वामी" है, ज़्योंकि वह "बढ़ाने वाला" है (1 कुरिन्थियों 3:6, 7)। [6]"मसीह का जीवन, भाग 2" में पृष्ठ 33 से आरज़्भ होने वाला "अधिकारी की नाईं" पाठ देखें। [7]"मसीह का जीवन, भाग 2" में पृष्ठ 152 से आरज़्भ होने वाले "एक व्यस्त दिन" पाठ का परिचय देखें। [8]जहां मैं रहता हूं, वहां एक वाज़्य का इस्तेमाल होता है, जो इस विचार को व्यज़्त करता है,

''उन्हें अपने पंख फड़फड़ाकर देख लेने दो।'' पक्षियों के बारे में जानकारी रखने वाला कोई भी व्यक्ति इस अवधारणा को समझ लेगा।[9]यह भी सम्भव है कि इस वाक्यांश का इस्तेमाल चेलों के गृहनगरों के लिए किया गया हो।[10]अतिरिक्त लेख तथा अगले प्रवचन में, मैंने मत्ती 10 अध्याय की आयतों पर संक्षेप में समीक्षा की है। सत्तर को बाहर भेजने के समय दिए जाने वाले निर्देश के साथ यीशु के इस निर्देश की तुलना करना भी महत्वपूर्ण होगा (लूका 10:1-16)।

[11]इस सीमा के कारण, मत्ती 28:18-20 के विपरीत जिसमें ''ग्रेट कमीशन'' (*सबके* लिए) दिया गया है, मत्ती 10 को ''लिमिटेड कमीशन'' ही कहा जाता है।[12]यह इस तथ्य से पता चलता है कि यीशु के नाम में उनके द्वारा किया गया प्रचार पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध हो गया था (देखें मत्ती 14:1; मरकुस 6:13, 14)।[13]मुर्दों को जिलाने की योग्यता बीमारों को चंगा करने की योग्यता के आश्चर्यकर्म से जुड़ी हुई थी। दोनों में समन्वय बनाने के लिए, आश्चर्यकर्म से बीमारों को चंगा करने का दावा करने वाले के लिए मुर्दों को जिलाने के योग्य होना भी आवश्यक है।[14]निर्देश के तीन वृत्तांतों की तुलना करने पर, उनसे संकेत मिलता लगता है कि मसीह ने रास्ते में आवश्यक कपड़ों की अनुमति दी, परन्तु उनके बदले और कपड़ों की नहीं। और, उन्हें अपने साथ कोई पैसा या सामान नहीं लेना था। याद रखें कि यह केवल कुछ सप्ताह का संक्षिप्त दौरा होना था और वे उन के पास जा रहे थे, जो आतिथ्यसत्कार करने वाले होगे थे। ये निषेध प्रचार के लिए हर दौरे के लिए लागू नहीं थे (नोट लूका 22:35, 36)।[15]इस पुस्तक में बाद में ''यीशु की सीमित आज्ञा पर नोट्स'' देखें।[16]इन आयतों का इस्तेमाल कई बार बपतिस्मे से पहले किए जाने वाले विश्वास के अंगीकार के विषय में किया जाता है। इन आयतों की प्रतिज्ञा उस अंगीकार पर लागू होती है, परन्तु हमें यह समझना चाहिए कि यीशु का हमारा अंगीकार विश्वास की सार्वजनिक पुष्टि से खत्म नहीं हो जाता।[17]लूका ने लिखा है कि मसीह ने ''उन्हें सब दुष्टात्माओं और बीमारियों को दूर करने की सामर्थ और अधिकार दिया'' (लूका 9:1)।[18]प्रेरितों के काम की पुस्तक इन आयतों पर एक अच्छी टीका है।[19]सीमित आज्ञा पर अध्ययन के लिए अतिरिक्त स्रोतों का सुझाव टिप्पणी 10 में दिया गया है।[20]ग्रेट कमीशन मरकुस 16:15, 16 में भी दिया गया है और लूका 24:46, 47 में इसका संकेत दिया गया है।

[21]कुछ लोग नाईके के विज्ञापन के साथ ''जस्ट डू इट!'' का नारा लगाएंगे।[22]कुरिन्थुस में काम करते समय पौलुस को दूसरी कलीसियाओं से कुछ सहायता मिलती थी (फिलिप्पुस 4:15)।[23]इस पुस्तक में बाद में ''राजा और उसके राजदूत'' प्रवचन में मत्ती 10 के कुछ निर्देशों की सूची दी गई है जो आज प्रासंगिक हैं। आपको इस पाठ में उनमें से कुछ का उल्लेख करना चाहिए।[24]बाद में ऐसे ही एक दौरे पर भेजे गए सत्तर लोगों की उत्तेजना देखें (देखें लूका 10:17)।[25]''मसीह का जीवन, भाग 2'' में ''कुछ हेरोदेस'' देखें।[26]इसकी तुलना मत्ती 16:13, 14 से करें। यहूदी लोग यीशु को मसीहा नहीं मानते थे, क्योंकि उन्हें मसीहा के ''ठाठ-बाठ'' से आने की उम्मीद थी; परन्तु वे इतना मानने को तैयार थे कि वह एक नबी हो सकता है। वर्षों से, लोग यीशु के अपने अनुमानों में झूठे पड़ रहे थे।[27]स्पष्टतया इन्हें पता नहीं था कि यीशु और यूहन्ना की सेवकाइयां एक ही समय में हुई थीं। अज्ञानता लोगों के लिए अनुमान लगाने में रुकावट नहीं बनती।[28]यूहन्ना ने अपने जीवनकाल में कोई आश्चर्यकर्म नहीं किया था (यूहन्ना 10:41); परन्तु कुछ लोगों को विश्वास था कि यदि कोई मुर्दों में से जी उठेगा, तो उसे अलौकिक शक्तियां मिल जाएंगी।[29]मत्ती 14:13 कहता है कि जब यीशु ने यूहन्ना की मृत्यु के बारे में सुना, तो वह गलील की झील के पार चला गया (जहां उसने पांच हज़ार लोगों को खिलाया)। मरकुस 6:30-32 कहता है कि गलील के अपने दौरे से थोड़ी देर बाद उसके चेले जब लौट आए, तो वे सागर के दूसरी ओर चले गए। इन वृत्तांतों से संकेत मिलता है कि यूहन्ना यीशु और उसके चेलों के गलील के तीसरे दौरे के समय मारा गया था और दौरे के अन्त में मसीह को खबर मिली थी।[30]''मसीह का जीवन, भाग 2' में ''हमने उसकी महिमा देखी'' पाठ देखें।

[31]हेरोदेस (हेरोदेस अंतिपास), फिलिप्पुस (हेरोदेस फिलिप्पुस प्रथम), और हेरोदियास के सम्बन्धों के बारे में, ''मसीह का जीवन, भाग 2'' में पृष्ठ 175 पर ''कुछ हेरोदेस'' देखें।[32]व्यवस्था निकट सम्बन्धी से विवाह को गलत ठहराती थी (देखे लैव्यव्यवस्था 18:1-18; 20:11-21)। यह आदमी को अपने भाई के जीवित रहते उसकी पत्नी से, विवाह करने से भी रोकती थी (लैव्यव्यवस्था 18:16; व्यवस्थाविवरण 25:5-

10)।[33]हम नहीं जानते कि यूहन्ना ने कब और कैसे यह संदेश दिया। सम्भावनाओं के लिए, इस पुस्तक में बाद में "जंगल में पुकारती एक आवाज़" पाठ देखें।[34]इस व्याख्या की तुलना प्रेरितों 24:24-26 में फेलिक्स के पौलुस को सुनने के वृत्तांत से करें।[35]उस समय की मूर्तिपूजक दावतों के सामान्य वृत्तांतों के साथ हेरोदेस के नैतिक मापदण्डों की जानकारी से, इसमें संदेह नहीं रह जाता कि वह दावत कैसी होगी।[36]सांसारिक लेखकों से हमें "मनोरंजन" के ऐसे मामलों का पता नहीं चलता। प्रसिद्ध कथा के अनुसार शलोमी का प्रदर्शन "सात पर्दों वाला नाच" है।[37]मरकुस 6:21 कहता है कि "ठीक अवसर" आया। इससे *हेरोदियास* की कूटनीति का पता चलता है। उसकी बेटी का नाच उस कूटनीति का ही भाग था। हेरोदियास अपने कामुक पति को अच्छी तरह जानती थी।[38]ऐसी अत्यधिक पेशकशें पूर्वी शासकों द्वारा की जाती थीं (देखें एस्तेर 5:3, 6; 7:2)-परन्तु शासक ऐसी पेशकशों का लाभ उठाने वालों को करुणापूर्वक नहीं देखते थे।[39]हॉवर्ड ह्यूग्स नामक एक अरबपति की कहानी बताई जाती है, जिसने एक जवान को, जिसकी शादी होने वाली थी, कहा कि "जो तेरी इच्छा हो मांग ले।" वह जवान एक सुसमाचार प्रचारक का बेटा था, जिसे ह्यूग्स पसन्द करता था। प्रचारक यह पूछते हुए कि "यदि हॉवर्ड ह्यूग्स आप से ऐसी पेशकश करे तो आप क्या मांगेंगे?" इस कहानी को एक उदाहरण के रूप में इस्तेमाल करते हैं। इस कहानी के अनुसार, उस जवान ने शालीनता से चांदी का बर्तन मांग लिया। आप अपने सुनने वालों को किसी धनी आदमी के बारे में बताकर कह सकते हैं, "यदि वह आपके सामने कोई पेशकश करे तो आप क्या मांगेंगे?"[40]मत्ती का वृत्तांत यह प्रभाव देता है कि हेरोदियास ने पहले से शलोमी की तैयारी करवाई हुई थी कि वह क्या मांगेगी, जबकि मरकुस का वृत्तांत संकेत देता है कि शलोमी पेशकश के बाद अपनी मां से पूछने गई थी कि वह क्या मांगे (मरकुस 6:24)। घटनाओं का क्रमबद्ध होना इतना महत्वपूर्ण नहीं है। हो सकता है कि शलोमी का अपनी मां से पूछना नाटक का एक भाग हो, जिससे यह न लगे कि यह सब पहले से तय हुआ था।

[41]धूर्त लोग दूसरों के धूर्त होने का संदेह करते हैं।[42]विचार करें कि यीशु के जन्म के बारे में पता चलने पर उसके पिता, हेरोदेस महान की क्या प्रतिक्रिया थी (मत्ती 21:3, 13)।[43]वे सम्भवतया यीशु की गतिविधियों के केन्द्र और उसकी यात्राओं के सामान्य ठहराव कफ़रनहूम में लौट गए होंगे।[44]इसकी तुलना मरकुस 3:20 से करें।[45]टिप्पणी 29 देखें।[46]मत्ती का वृत्तांत कहता है कि यीशु "किसी सुनसान जगह में चला गया" (मत्ती 14:13), जबकि मरकुस का वृत्तांत कहता है, "वे [मसीह और प्रेरित] ... सुनसान जगह में अलग चले गए" (मरकुस 6:32)। लूका का वृत्तांत दोनों विचारों को जोड़ देता है: "उन्हें [अर्थात बारह को] अलग करके ... ले गया" (लूका 9:10)।[47]अमेरिका में, हम कहेंगे कि इन क्षणों में यीशु को "गुण" और "गिनती" दोनों प्रकार का समय अपने चेलों के साथ मिल जाना था अर्थात वह उन्हें खुला समय देकर अच्छी तरह समझा सका था।[48]झील के पूर्वी तट पर एक पिछले दौरे के लिए, पढ़ें मरकुस 4:35-5:21.[49]इसके प्रमाण के रूप में, देखें लूका 9:10. यीशु और चेले झील के पूर्वी किनारे पर बैतसैदा में गए; परन्तु वहां कुछ समय रहने के बाद, मसीह ने अपने चेलों को झील के दूसरी ओर बैतसैदा में *वापस* भेज दिया (मरकुस 6:45)।[50]हमने पहले ध्यान दिया था कि फिलिप्पुस (जो एक प्रेरित बन गया) बैतसैदा का रहने वाला था (यूहन्ना 1:44; 12:21) और बैतसैदा को "अन्द्रियास और पतरस का नगर" कहा जाता था (यूहन्ना 1:44)। यह सम्भवतया यरदन के पश्चिम में, कफ़रनहूम के निकट वाला बैतसैदा था।

[51]"यीशु की सेवकाई के समय पलिश्तीन" वाला मानचित्र देखें।